दिनांक 09.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

''वित्तीय वर्ष 2017–18 का एकीकृत आजीविका शिविर सम्पन्न''
टैली एवं कम्प्यूटर हार्डवेयर में आया रूझान

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार आज 09 मार्च 2018 को जोन कार्यालय क्रमांक 06 रिसाली में एक दिसवीय शिविर का आयोजन किया गया। एकीकृत आजीविका अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में विभिन्न आजीविका उन्नयन से संबंधित विभाग एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। माह फरवरी एवं मार्च 2018 में नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा जोनवार एकीकृत आजीविका शिविर लगाया गया। जोन कार्यालय क्रमांक 06 रिसाली में आयोजित शिविर में दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मिशन प्रबंधक, सामुदायिक संगठिकाएँ एवं कौशल प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाए उपस्थित रहें, एवं लोगों को कार्यक्रम की जानकारी दी।

आजीविका मिशन अन्तर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदता संस्थाएँ मानव कौशल विकास केन्द्र, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अर्चना कौशल विकास केन्द्र, श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिग, आई.आई.सी.ई कलिंगा, रस्तोगी कॉलेज, मीरा फाउन्डेशन, दिनेश कोचिंग, हैण्ड शेकिंग फाउन्डेशन, कम्प्यूटेक एज्युकेशनल सोशल वेलफेयर सोसायटी, आई.सी.आई.सी.आई. लाईवलिहुड कॉलेज, एडवांस हाईटेक, अपने स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को संचालित विषयों के बारे में जानकारी देकर उनका पंजीयन किया। शिविर में 422 लोगों ने कौशल प्रशिक्षण लेने के लिए विभिन्न विषयों जैसे नर्सिग, कम्प्यूटर, टैली एवं डीटीपी, नेटवर्किग एवं हार्डवेयर, ड्राइविगं, ब्यूटी थैरेपी, हेयर स्टायलिंग, मोबाईल रिपेयरिंग एवं इलेक्ट्रीशियन में पंजीयन कराया। शिविर में नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के.एल. चौहान द्वारा उपस्थित होकर प्रतिभागी संस्थाओं एवं शिविर में आये लोगों से चर्चा कर उन्हें कार्यक्रम की जानकारी देते हुए हौसला अफ़जाई की।

जन सम्पर्क अधिकारी